राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट

दिनांक :–26.04.2013

आयोग द्वारा दिनांक 06.08.12 को आयोजित प्रवक्ता यांत्रिक अभियांत्रिकी, प्रावैधिक शिक्षा विभाग एवं दिनांक 30.08.12 को आयोजित फिजियोथेरापिस्ट, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पदों की संवीक्षा परीक्षाओं की मॉडल उत्तर कुंजियां आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 07.09.12, 25.10.12 को जारी करते हुये आपत्तियाँ आमंत्रित की गई। अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों की आयोग द्वारा विषय विशेषज्ञों से जांच करवाने के उपरान्त संशोधित उत्तर कुंजियाँ आयोग की वेबसाईट पर जारी कर दी गई हैं। यदि इसमें किसी भी अभ्यर्थी को अब भी कोई आपत्ति हो तो प्रेस नोट की जारी दिनांक से 7 दिवस अर्थात दिनांक 03.05.2013 तक अपनी आपत्ति आयोग को दर्ज करवा सकता है। आपत्ति आवश्यक रूप से आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर ही प्रस्तुत की जाएं। प्रपत्र आयोग की वेब–साइट पर उपलब्ध है। सात दिन की अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा वर्तमान में जारी की जा रही उत्तर कुंजी के आधार पर प्रवक्ता यांत्रिक अभियांत्रिकी, प्रावैधिक शिक्षा विभाग तथा फिजियोथेरापिस्ट, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पदों की संवीक्षा परीक्षा का परिणाम जारी किया जा सकेगा।

(गोविन्द नारायण अग्रवाल)

उप सचिव